बांग्ला नववर्ष पर लोगों ने जंगली जानवरों का खूब उठाया लुत्फ

बंगाल सफारी पार्क की 4.72 लाख हुई रिकार्ड कमाई

निज प्रतिनिधि, सिलीगुड़ी: सिलीगुड़ी संलग्न सालुगाड़ा के महानंदा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी तथा बैकुंठपुर जंगल के बीच स्थित बंगाल सफारी पार्क दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अक्सर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी विभिन्न कार्यक्रमों में इस पार्क का जिक्र करती रही हैं। छुट्टी वाले दिन पार्क में लोगों की भीड़ आमतौर पर ज्यादा होती है। पोइला बैसाख के मौके पर शनिवार को 1213 पर्यटक पार्क में आए। जबकि रविवार को 1711 पर्यटक पहुंचे। गत दो दिनों में पार्क की कुल कमाई 4.72 लाख तक पहुंच गई। रविवार को बंगाल सफारी पार्क के निदेशक कमल

>> गर्मी को लेकर पार्क में जानवरों का रखा जा रहा है खास ख्याल

सरकार ने यह जानकारी दी है।

आम दिनों में पार्क में 500 से 700 पर्यटक आते हैं। लेकिन गर्मियों की छुट्टी शुरू होते ही यह संख्या रोजाना के एक हजार के आंकड़े को पार कर चुकी है। सामान्य दिनों में पार्क की कमाई डेढ़ से 2 लाख की होती है। जंगल की हरियाली के बीच स्थित पार्क केवल पर्यटक ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। गर्मी से परेशान शहरवासी घुमने के बहाने ही ठंडक के लिए सफारी पार्क पहुंच जाते हैं। तेजी से लोकप्रिय होते बंगाल सफारी पार्क को लेकर वापस से उत्तर बंगाल के पर्यटन में नई कड़ी जुड़ने की संभावना जताई जा रही है। सिलीगुड़ी में भी गर्मी के बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए पार्क में पर्यटकों का दीदार करने वाले जानवारों का भी खास ख्याल रखा जा रहा है। जानवरों के एनक्लोजर (रहने की जगह) में पंखा तथा कूलर लगाये गये हैं। पार्क में हिमालय बियर तथा रॉयल बंगाल टाइगर के एनक्लोजर में ठंडे पानी के झरना की व्यवस्था की गई है। पार्क के अंदर जहां हिरणों को रखा गया है, उनके पानी पीने के लिए नये सिरे से तीन गड्ढे खोदे गये हैं।